<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक–30 जून 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से की मन की बात, कहा– सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है देश, सामाजिक सुरक्षा का लाभ ले रही है देश की जनता।
- आज प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आएंगी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, बरेली और गोरखपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में लेंगी हिस्सा।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के कार्यों की समीक्षा की, कहा–प्रदेश की एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में खनन क्षेत्र की भूमिका महत्वपूर्ण।
- प्रदेश में पहुंचा दक्षिण पश्चिम मानसून, कई जिलों में बारिश का सिलसिला जारी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक–देश सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ रहा है। आकाशवाणी से कल मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि देश की जनता किसी न किसी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा का लाभ ले रही है। प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट का उल्लेख किया।

***इन्टरनेशनल लेबर अर्गनाइजेशन –आईएलओ की बडी अहम रिपोर्ट आई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की 64 परसेंट से ज्यादा आबादी को अब कोई न कोई सोशल प्रोटेक्शन बेनिफिट जरूर मिल रहा है। सामाजिक सुरक्षा यह दुनिया की सबसे बडी कवरेज में से एक है। देश के लगभग 95 करोड लोग किसी न किसी सोशल सेक्योरिटी योजना का लाभ पा रहे हैं।***

प्रधानमंत्री ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें भारत को आंखों की बीमारी ट्रेकोमा से मुक्त घोषित किया गया है।

आपातकाल का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने देश में आपातकाल लगाया, उन्होंने न केवल संविधान की हत्या की, बल्कि न्यायपालिका को भी गुलाम बनाने का इरादा किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें उन सभी लोगों का स्मरण रखना चाहिए जिन्होंने आपातकाल का डटकर मुकाबला किया था।

***इमरजेंसी लगाने वालों ने न सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की, बलकि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाए रखने का था। इस दौरान लोगों को बडे पैमान पर प्रताडित किया गया था। इसके अनेक उदाहरण है जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व में विकास का मंत्र भारत का नया भविष्य गढ़ने के लिए तैयार है। देश की महिलाएं न सिर्फ अपने को, बल्कि पूरे समाज को नई दिशा दे रही हैं। उन्होंने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र गए भारत के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का भी जिक्र किया।

***इस समय सबकी निगाहें इंटरनेशनल स्पेस सेंटर पर भी हैं। भारत ने एक नया इतिहास रचा है। मेरी कल ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बात भी हुई है। आपने भी शुभांशु से मेरी बातचीत को जरूर सुना होगा। अभी, शुभांशु को कुछ और दिन इंटरनेशनल स्पेस सेंटर रहना है। हम इस मिशन्स के बारे में और बातें करेंगे, लेकिन, 'मन की बात' के अगले एपिसोड में।***

प्रधानमंत्री ने हाल ही मनाए गए अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, कैलाश मानसरोवर यात्रा, अमरनाथ यात्रा और जगन्नाथ रथ यात्रा की भी चर्चा की।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आएंगी। वह बरेली और गोरखपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***उत्तर प्रदेश दौरे के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बरेली में भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के 11वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इस समारोह में बरेली से ताल्लुक रखने वाले झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गोरखपुर के लिए रवाना होंगी। गोरखपुर में वह तीन प्रमुख संस्थानों के कार्यक्रमों में शामिल होंगी और दो दिनों में सड़क मार्ग से शहर में 129 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। राष्ट्रपति आज गोरखपुर एम्स के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी, जहां वह मेधावी छात्र–छात्राओं को पदक प्रदान करेंगी। अगले दिन राष्ट्रपति सुबह उत्तर प्रदेश के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का उद्घाटन करेंगी। दोपहर में वह सोनबरसा में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के आरोग्यधाम परिसर में शैक्षणिक ब्लॉक, ऑडिटोरियम और पंचकर्म केंद्र का उद्घाटन करेंगी और गर्ल्स हॉस्टल की आधारशिला रखेंगी। इसके अलावा, वह दोनों दिन गोरखनाथ मंदिर भी जाएँगी। राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर बरेली और गोरखपुर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।***

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड को ट्रेन प्रस्थान से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करने का कार्यान्वयन शुरू करने का निर्देश दिया है। इस कदम से प्रतीक्षा सूची के टिकट वाले यात्रियों की अनिश्चितताओं में कमी आएगी। यह प्रतीक्षा सूची के टिकट कंफर्म नहीं होने की स्थिति में यात्रियों को वैकल्पिक प्रबंध करने का समय भी प्रदान करेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में खनन क्षेत्र की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कल लखनऊ में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि यह क्षेत्र अब केवल खनिज उत्पादन का जरिया नहीं, बल्कि राज्य की आर्थिक प्रगति, निवेश संवर्धन और स्थानीय रोजगार सृजन का प्रभावशाली केंद्र बन गया है। मुख्यमंत्री ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम लगाने के लिए ट्रांसपोर्टरों के साथ समन्वय बनाकर एक मजबूत निगरानी तंत्र स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

**********

अयोध्या के श्री राम मंदिर परिसर में जितने भी निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं, उन्हें एक महीने के अंदर भक्तों के लिए खोल दिया जायेगा। श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कल मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में निर्माण कार्य अभी प्रारंभिक चरण में है।

**********

श्रावण मास में शुरू हाने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैयारियां तेज हो गयी हैं। संबंधित जिला प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम बनाने के लिये सड़कों की मरम्मत और यातायात प्लान तैयार किये जा रहे हैं। इसी क्रम में सहारनपुर जिले के प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये वेब पेज और क्यूआर कोड तैयार किया है। इसके जरिये श्रद्धालुओं को रूट डायवर्जन और चिकित्सा शिविर सहित सभी जरूरी जानकारी मिल सकेगी। क्यूआर कोड और वेब लिंक को गुगल मैप से जोड़ा गया है। इसके जरिये कांवड़ियों को अपने नजदीकी शौचालय, चिकित्सा शिविर, पानी, पेट्रोल पम्प, ढाबा एवं रेस्टोरेंट, थाना, रूट डायवर्जन और कांवड़ शिविर सहित हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी आसानी से उनके मोबाइल पर मिल जायेगी।

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की वर्ष 2024 की पीसीएस मुख्य परीक्षा कल से शुरू हो गई। यह दो जुलाई तक चलेगी। इसके लिए लखनऊ में 19 और प्रयागराज में 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***पीसीएस मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए 14 हजार से अधिक अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा दो पालियों में कराई जा रही है। पहली पाली का समय सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली का समय दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक है। इस भर्ती के माध्यम से 947 पदों पर चयन किया जाएगा। ओएमआर सीट को कोषागार के डबल लॉक से परीक्षा केन्द्र तक लाने की जिम्मेदारी सेक्टर मजिस्ट्रेट को सौंपी गई है। प्रश्न–पत्रों की गोपनीयता बनाये रखने के लिए इन्हें पांच स्तरों में पैक किया गया है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।***

**********

दक्षिण–पश्चिम मानसून कल उत्तर प्रदेश में आ गया। मौसम विभाग के अनुसार मानसून सामान्य तिथि से नौ दिन पहले पूरे देश में पहुंचा है। इसके साथ ही प्रदेश के कई पूर्वी और पश्चिमी जिलों में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। प्रदेश के पीलीभीत और मुजफ्फरनगर सहित कुछ अन्य जिलों से लगातार तेज बारिश के समाचार मिले हैं।

**********